# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

| | |
|---|---|
| Community | EWS |
| Test Center Name | Alambagh Inter College |
| Test Date | 12/12/2024 |
| Test Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 6 : 3 : 2 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 7 महीने, 4 महीने और 3 महीने के लिए निवेश की। उनके लाभ का अनुपात कितना था?

**Ans**
✗ 1. 8:2:1
✓ 2. 7:2:1
✗ 3. 10:2:1
✗ 4. 6:2:1

**Q.2** एक दुकानदार किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 25% और 40% की दो क्रमिक छूट देकर ₹583.2 में बेचता है। यदि उसके द्वारा कोई छूट नहीं दी गई होती, तो वह 62% का लाभ अर्जित करता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 800
✗ 2. 824
✗ 3. 831
✗ 4. 838

**Q.3** एक त्रिभुज की भुजाएँ 16 cm, 30 cm और 34 cm हैं। इसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या होगा?

**Ans**
✗ 1. 270
✗ 2. 257
✓ 3. 240
✗ 4. 225

**Q.4** समान लंबाई की दो ट्रेन समांतर पटरियों पर एक ही दिशा में 101 km/h और 65 km/h की चाल से चल रही हैं। तेज़ चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को 30 सेकंड में पार करती है। प्रत्येक ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 137 मीटर
✓ 2. 150 मीटर
✗ 3. 155 मीटर
✗ 4. 152 मीटर

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.5 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 108 और 9 है। यदि उनमें से एक संख्या 36 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 25
✗ 2. 30
✗ 3. 28
✓ 4. 27

Q.6 एक व्यक्ति एक व्यूपॉइंट तक पैदल जाता है और अपनी कार से अपरिवर्ती चाल बनाए रखते हुए लौटता है और इस प्रकार उसे कुल 6 घंटे 45 मिनट का समय लगता है। दोनों तरफ कार से यात्रा करने में उसे 4 घंटे कम लगते। दोनों ओर समान चाल से पैदल यात्रा करने में उसे कुल कितना समय लगता?

Ans
✓ 1. 10 घंटे 45 मिनट
✗ 2. 9 घंटे 45 मिनट
✗ 3. 10 घंटे 30 मिनट
✗ 4. 11 घंटे 15 मिनट

Q.7 एक कैन पूरी तरह से दूध से भरी हुई है। इस कैन में से 6 लीटर दूध निकाला जाता है और उसमें पानी भर दिया जाता है। यह प्रक्रिया चार बार और दोहराई जाती है। अब, कैन में दूध और पानी का अनुपात 32 : 211 है। कैन का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 18 लीटर
✗ 2. 20 लीटर
✗ 3. 21 लीटर
✗ 4. 15 लीटर

Q.8 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 15, 60, 6 और 17 से विभाज्य है।

Ans
✓ 1. 1020
✗ 2. 1030
✗ 3. 1065
✗ 4. 1106

Q.9 विशाल, नाव से 104 km की दूरी धारा की विपरीत दिशा में 30 घंटे में तय करता है और धारा की दिशा में 12 घंटे में तय करता है, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 2.6 km/h
✗ 2. 7.52 km/h
✗ 3. 11.35 km/h
✗ 4. 6.65 km/h

Q.10 यदि 16 x 8 x 700 ÷ $\sqrt{2500}$ = y + 667 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1124
✓ 2. 1125
✗ 3. 1115
✗ 4. 1117

Q.11 सेल के दौरान, राघव ने ₹100 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 53% छूट पर और ₹40 अंकित मूल्य की एक पेन को 85% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की?

Ans
✗ 1. 89
✗ 2. 85
✓ 3. 87
✗ 4. 90

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.12 कोई धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले कितने प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 2 वर्षों में 97 गुना हो जाएगी? [उत्तर को दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित करें।]

Ans
✔ 1. 884.8
✘ 2. 887.2
✘ 3. 884.6
✘ 4. 881.8

Q.13 एक दुकानदार, किसी पंखे पर उसके क्रय मूल्य से 25% अधिक मूल्य अंकित करता है और उस पर 16% की छूट देता है। यदि वह ₹141 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 3321
✘ 2. 3305
✘ 3. 3268
✔ 4. 3525

Q.14 निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न सबसे बड़ा है?

$\frac{7}{8}, \frac{3}{34}, \frac{21}{81}, \frac{75}{76}$

Ans
✘ 1. $\frac{3}{34}$
✘ 2. $\frac{21}{81}$
✔ 3. $\frac{75}{76}$
✘ 4. $\frac{7}{8}$

Q.15 एक लम्ब वृत्तीय शंकु और एक लम्ब वृत्तीय बेलन की ऊंचाइयों का अनुपात 3 : 8 है और उनके आधारों की त्रिज्याओं का अनुपात 8 : 5 है। यदि बेलन का आयतन 400 $cm^3$ है, तो शंकु का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 131
✔ 2. 128
✘ 3. 134
✘ 4. 124

Q.16 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹ 15885 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3:5:7 है, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 5295
✘ 2. 3177
✔ 3. 22239
✘ 4. 7413

Q.17 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में राघव की प्रति माह औसत आय ₹22560 थी। अप्रैल में उसकी आय, प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 50% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹90078 है, तो मई से दिसंबर तक राघव की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
✘ 1. 122423
✘ 2. 122428
✘ 3. 122430
✔ 4. 122427

**Q.18** ईशा और अंशू ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹44300 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹7000 के कुल लाभ में से, ईशा का हिस्सा ₹1400 था। अंशू ने कितना निवेश किया था?

**Ans**
- ✗ 1. ₹37060
- ✗ 2. ₹33845
- ✓ 3. ₹35440
- ✗ 4. ₹35190

**Q.19** किसी समूह में, 3 बुनकर 4 दिन में 12 साड़ी बना सकते हैं। प्रत्येक बुनकर द्वारा एक दिन में बनाई जा सकने वाली साड़ियों संख्या का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 2.5
- ✗ 2. 1.5
- ✗ 3. 2
- ✓ 4. 1

**Q.20** यदि किसी संख्या के 25% को 72 में जोड़ा जाता है, तो परिणामस्वरूप समान संख्या प्राप्त होती है। उस संख्या का 70% ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 97.2
- ✓ 2. 67.2
- ✗ 3. 37.2
- ✗ 4. 87.2

**Q.21** तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 2 : 7 : 8 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 4 महीने, 1 महीने और 10 महीने के लिए निवेश की। उनके लाभ का अनुपात कितना था?

**Ans**
- ✗ 1. 7:7:80
- ✓ 2. 8:7:80
- ✗ 3. 10:7:80
- ✗ 4. 6:7:80

**Q.22** सुमन ने वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित, 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹8000 की धनराशि का निवेश किया। यदि उसे n वर्षों के बाद ₹9261 की धनराशि प्राप्त हुई हो, तो n का मान ज्ञात करें।

**Ans**
- ✗ 1. 3.5
- ✗ 2. 2.79999995231628
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 4

**Q.23** एक रेलगाड़ी 288 km की दूरी तय करने के लिए 96 kmph की चाल से चलती है और फिर 252 km की दूरी तय करने के लिए 126 kmph की चाल से चलती है। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई कुल दूरी का औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 86 kmph
- ✗ 2. 158 kmph
- ✗ 3. 90 kmph
- ✓ 4. 108 kmph

**Q.24** दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 180 और 12 है। यदि उनमें से एक संख्या 36 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 60
- ✗ 2. 58
- ✗ 3. 62
- ✗ 4. 61

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.25 एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 10% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 2 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹9600 हो जाता है। 1 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

Ans
✗ 1. 1600
✗ 2. 3200
✓ 3. 800
✗ 4. 400

Q.26 एक संख्या को 50% बढ़ाने पर, 3930 प्राप्त होता है। यह संख्या __________ है।

Ans
✗ 1. 7860
✓ 2. 2620
✗ 3. 5240
✗ 4. 1310

Q.27 एक बेईमान विक्रेता का दावा है कि वह सामानों को उनके क्रय मूल्य पर बेच रहा है। लेकिन वह 1000 ग्राम की जगह 918 ग्राम वजन तौल रहा है। उसका लाभ प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) क्या है?

Ans
✗ 1. 14.5
✓ 2. 8.93
✗ 3. 5
✗ 4. 5.68

Q.28 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 638970 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
✗ 1. 5
✗ 2. 4
✓ 3. 9
✗ 4. 6

Q.29 27, 48, 276 और 368 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9855
✗ 2. 9927
✗ 3. 9988
✓ 4. 9936

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.30 नीचे दी गई तालिका में चार अलग-अलग वर्षों में पाँच दोस्तों द्वारा अर्जित लाभ को दर्शाया गया है। निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने के लिए तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए।

| दोस्त | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|
| एलेक्स | 9310 | 7250 | 6523 | 3546 |
| बालाजी | 8240 | 7500 | 6542 | 2563 |
| चाँद | 7560 | 6540 | 5140 | 2580 |
| दिनेश | 3524 | 6000 | 6780 | 3870 |
| एलेना | 4260 | 9170 | 5010 | 6520 |

वह राशि ज्ञात कीजिए, जो 15% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 2 वर्षों के लिए उधार देने पर वर्ष 2023 में चाँद द्वारा अर्जित लाभ के समतुल्य कुल ब्याज प्रदान करती है।

Ans
1. ₹9,000
2. ₹8,000
3. ₹6,000
4. ₹7,000

Q.31 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹ 15975 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3:5:7 है, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3195
2. 7455
3. 22365
4. 5325

Q.32 निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न सबसे बड़ा है?

$\frac{4}{9}, \frac{4}{26}, \frac{56}{71}, \frac{28}{81}$

Ans
1. $\frac{4}{9}$
2. $\frac{56}{71}$
3. $\frac{28}{81}$
4. $\frac{4}{26}$

Q.33 निम्नलिखित का मान क्या है?

$$\frac{4}{6}+\frac{4}{6}+\frac{2}{12}+\frac{4}{6}-4=$$

Ans

✔ 1. $-\frac{22}{12}$

✘ 2. $-\frac{23}{12}$

✘ 3. $-\frac{25}{12}$

✘ 4. $-\frac{18}{12}$

Q.34 तारिका के पास समषट्भुज के आकृति की एक सजावटी वॉल-हैंगिंग है, जिसकी भुजा $10\ cm$ है। सजावटी वॉल-हैंगिंग का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना है? ($\sqrt{3}=1.7$ लीजिए)

Ans

✘ 1. 265

✘ 2. 260

✔ 3. 255

✘ 4. 250

Q.35 $\frac{(a^8 \times b^6 \times c^9)}{(a^4 \times b^9 \times c^9)}$ का सरलतम रूप ज्ञात कीजिए।

Ans

✘ 1. $(a^{10}) \times (b^{-1}) \times (c^{-4})$

✘ 2. $(a^{-7}) \times (b^{-8}) \times (c^{1})$

✘ 3. $(a^{-6}) \times (b^{-1}) \times (c^{6})$

✔ 4. $(a^{4}) \times (b^{-3}) \times (c^{0})$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.36 Y, X, D, E, U, G और P की आयु अलग-अलग है। X की आयु, U की आयु से कम है। केवल Y की आयु, G की आयु से अधिक है। X और G की आयु के बीच केवल एक व्यक्ति की आयु है। D की आयु, E की आयु से अधिक है लेकिन P की आयु से कम है। तीसरा सबसे कम आयु वाला कौन है?

Ans

✘ 1. G

✘ 2. D

✘ 3. U

✔ 4. P

Q.37 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

SVX QTV ORT MPR ?

Ans

✘ 1. KMO

✘ 2. KMP

✘ 3. KNO

✔ 4. KNP

Q.38 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करने पर :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान होगा?

**# : LFI :: SMP : %**

Ans
1. # = BJM, % = LPI ✗
2. # = PJM, % = OIL ✓
3. # = RTM, % = MKL ✗
4. # = GHT, % = LJH ✗

Q.39 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
1. BW : ZU ✗
2. EZ : DX ✓
3. HC : FA ✗
4. UP : SN ✗

Q.40 35 एक निश्चित तर्क के अनुसार 42 से संबंधित है। 80 उसी तर्क के अनुसार 96 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 65 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)


Ans
1. 76 ✗
2. 72 ✗
3. 78 ✓
4. 84 ✗

Q.41 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाएं से गिनने पर A और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G के दाएं से गिनने पर E और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, E के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। D, G के साथ-साथ C का भी निकटतम पड़ोसी है। F के दाएं से गिनने पर B और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 3 ✗
2. 4 ✗
3. 1 ✓
4. 2 ✗


Prep
Your Personal Exam Guide


Q.42 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.43 स्तू बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 31 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दायीं ओर मुड़ता है, 36 km तक ड्राइव करता है, दायीं ओर मुड़ता है और 11 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दायीं ओर मुड़ता है और 12km तक ड्राइव करता है। फिर वह दायीं ओर मुड़ता है, 16 km तक ड्राइव करता है, बायीं ओर मुड़ता है और 9 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में बाईं ओर मुड़ता है, 36 km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° मोड़ हैं।)

Ans

1. 11 km पूर्व की ओर

2. 15 km पूर्व की ओर

3. 13 km दक्षिण की ओर

4. 17 km दक्षिण की ओर

**Q.44** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
सभी चम्मच, कांटे हैं।
सभी कांटे, जार हैं।
कुछ जार, प्लेट हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ कांटे, प्लेट हैं।
(II): कुछ चम्मच, प्लेट हैं।

**Ans**
- ✗ 1. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
- ✓ 2. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है
- ✗ 3. निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ 4. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है


**Q.45** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन विकल्प एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

**Ans**
- ✗ 1. AVF
- ✗ 2. UPZ
- ✗ 3. MHR
- ✓ 4. JFO

**Q.46** संख्या 7832145 में प्रत्येक अंक को बाईं ओर से दाईं ओर आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरे अंक और दाईं ओर से दूसरे अंक का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 10
- ✗ 2. 8
- ✗ 3. 6
- ✓ 4. 9

**Q.47** दर्पण को रेखा MN पर रखे जाने पर, दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans**
- ✗ 1. 
- ✗ 2. 
- ✓ 3. 
- ✗ 4. 

**Q.48** C, F का पुत्र है। F, E का भाई है। E, G का पुत्र है। G, H की पत्नी है। C का H से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ 1. पुत्र
- ✓ 2. पुत्र का पुत्र
- ✗ 3. पुत्र की पत्नी
- ✗ 4. पुत्र की पुत्री

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.49 सात व्यक्ति, B, C, D, E, F, G और Q, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, B के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। Q और E के बीच केवल D बैठा है। B और E के बीच केवल F बैठा है। E, G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। F के दाईं ओर से गिनने पर F और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ 1. दो
✘ 2. तीन
✘ 3. एक
✘ 4. चार

Q.50 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WIDE' को '6879' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'DOGS' को '4318' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 7
✘ 2. 4
✘ 3. 1
✔ 4. 8

Q.51 निम्नलिखित अक्षर, संख्या एवं प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 5 4 D * S R + 6 3 % 7 Y # K E G 2 C & T @ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
✘ 1. 3
✘ 2. 1
✘ 3. 2
✔ 4. 0

Q.52 नमन बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंत में एक बार फिर दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✘ 1. 7 km, उत्तर में
✔ 2. 7 km, दक्षिण में
✘ 3. 6 km, दक्षिण में
✘ 4. 6 km, उत्तर में

PrEP Your Personal Exam Guide

Q.53 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न एवं संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न एवं संबंध के समान हो जाए?

# : AGJ :: GMP : %

Ans
✘ 1. # = WYF; % = KQT
✘ 2. # = XCF; % = KQT
✔ 3. # = WCF; % = KQT
✘ 4. # = WCF; % = KQI

Q.54 यदि संख्या 1378564 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार निर्मित नई संख्या में सबसे बड़े अंक तथा सबसे छोटे अंक का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 6
✘ 2. 8
✘ 3. 2
✘ 4. 4

Q.55 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 23, 21.7 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 29.4, 28.1 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 26.8 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)


Ans
✗ 1. 24.5
✗ 2. 25.1
✓ 3. 25.5
✗ 4. 25.7

Q.56 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

RXU 34 TUQ 23 VRM 12 XOI 1 ?

Ans
✓ 1. ZLE -10
✗ 2. VNT -13
✗ 3. ZFE -15
✗ 4. XKE -14

Q.57 निम्नलिखित पाँच आकृतियों में से चार किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाती हैं। कौन-सी आकृति उस समूह से संबंधित नहीं है?



(A) (B) (C) (D) (E)

Ans
✗ 1. B
✗ 2. C
✓ 3. D
✗ 4. E

Q.58 सात डिब्बों O, P, Q, R, S, T और D को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में रखे गए हों। डिब्बे T के ऊपर केवल तीन डिब्बों को रखा गया है। डिब्बे O और T के बीच केवल एक डिब्बे को रखा गया है। डिब्बों O और D के बीच केवल तीन डिब्बों को रखा गया है। डिब्बे D को डिब्बे T के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। डिब्बे P को डिब्बे D के ठीक नीचे रखा गया है। डिब्बे S को डिब्बे R के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। डिब्बे Q को डिब्बे O के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। डिब्बों Q और R के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans
✗ 1. एक
✓ 2. पांच
✗ 3. चार
✗ 4. तीन

Q.59 **यदि ‘P’ का अर्थ ‘×’ है, ‘Q’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘R’ का अर्थ ‘–’ है और ‘S’ का अर्थ ‘+’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न ‘?’ के स्थान पर क्या आएगा?**
(32 S 32) S (24 S 24) P 2 R 60 S 108 Q 2 = ?

Ans
✓ 1. 154
✗ 2. 190
✗ 3. 170
✗ 4. 150

Q.60 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'believe in yourself' को 'mb tk jb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'in the middle' को 'ab jb wt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'in' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✔ 1. jb
✘ 2. mb
✘ 3. ab
✘ 4. tk

Q.61 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SKEW' को '1836' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'WOKE' को '6283' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'O' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✘ 1. 6
✔ 2. 2
✘ 3. 3
✘ 4. 8

Q.62 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला को देखें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 & 4 6 % 7 $ & 1 # 3 Ω @ 8 * £ 5 9 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक और संख्या है?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. कोई नहीं
✘ 3. एक
✔ 4. दो से ज़्यादा

Q.63 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाईं ओर से दाईं ओर की जानी चाहिए।

(बाएं) Y # 3 R 6 C & T % 7 2 K & 5 G E * S D 4 @ (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है तथा ठीक बाद एक संख्या भी है?

Ans
✔ 1. 0
✘ 2. 1
✘ 3. 3
✘ 4. 2

Q.64 38 लोग उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। विकास दाएं छोर से 18वें स्थान पर है जबकि केरिशा बाएं छोर से 12वें स्थान पर है। विकास और केरिशा के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
✔ 1. 8
✘ 2. 7
✘ 3. 5
✘ 4. 6

Q.65 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 759 843 719 857 735 (दाएं)
(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ दिया जाए तो परिणाम ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 6
✘ 2. 5
✘ 3. 7
✘ 4. 4

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.66 उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KG-NI-PS
NJ-QL-SV

Ans
1. RM-TP-VZ
2. QM-TO-VZ
3. QM-TO-VY
4. RM-TO-VZ

Q.67 शृंखला को तर्कसंगत रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या उसी क्रम में आनी चाहिए?

7 24 58 126 262 ?

Ans
1. 492
2. 484
3. 534
4. 593

Q.68 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का नंबर 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का नंबर 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का नंबर 6 है। E, अभाज्य नंबर वाले तल पर रहता है। E और C जिन तलों पर रहते हैं उनके नंबरों का गुणनफल 8 है। F, A के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। C और B जिन तलों पर रहते हैं उनके नंबरों का योग 7 है। E और F के तलों के बीच कितने लोग रहते हैं?

Ans
1. 4
2. 2
3. 3
4. 1

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. LIG
2. XUS
3. JGE
4. AYV

Q.70 S, D की पत्नी है। D, F का भाई है। F, G की माता है। G, H का पिता है। S का H से क्या संबंध है?

Ans
1. माता के पिता के भाई की पत्नी
2. माता की माता के भाई की पत्नी
3. पिता के पिता के भाई की पत्नी
4. पिता की माता के भाई की पत्नी

Section : **General Awareness**

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन वर्ष 2023 में आयोजित नहीं किया गया था?

Ans
1. राष्ट्रमंडल खेल
2. विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप
3. एशियाई खेल
4. आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप

Q.72 निम्नलिखित में से किस एयर फोर्स बेस पर भारतीय वायु सेना (IAF) के सैन्य दल ने अभ्यास रेड फ्लैग (Exercise Red Flag), 2024 में भाग लिया?

Ans
1. एइलसन एयर फोर्स बेस, अलास्का
2. एंडरसन एयर फोर्स बेस, गुआम
3. हिकम एयर फोर्स बेस, हवाई
4. नेलिस एयर फोर्स बेस, नेवादा

Q.73 केंद्रीय माल एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 ने न्यायाधिकरण के अध्यक्ष (president) के लिए आयु सीमा बढ़ाकर ________ कर दी है।

Ans
✔ 1. 67 से 70 वर्ष
✗ 2. 65 से 67 वर्ष
✗ 3. 65 से 70 वर्ष
✗ 4. 60 से 65 वर्ष

Q.74 भारतीय संविधान का कौन-सा भाग नागरिकता से संबंधित है?

Ans
✗ 1. भाग IV
✗ 2. भाग VI
✗ 3. भाग III
✔ 4. भाग II

Q.75 निम्नलिखित में से किस अवधि को भारत में हरित क्रांति का दूसरा चरण माना जाता था?

Ans
✗ 1. 1970 से 1980 तक
✗ 2. 1960 के दशक के मध्य से 1970 के दशक के मध्य तक
✗ 3. 1960 से 1970 तक
✔ 4. 1970 के मध्य से 1980 के मध्य तक

Q.76 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, संघ की कार्यकारी शक्ति से संबंधित है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 52
✗ 2. अनुच्छेद 55
✗ 3. अनुच्छेद 54
✔ 4. अनुच्छेद 53

Q.77 गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना प्रणाली, निम्नलिखित में से किस मुख्य उप-बेसिन से बनी है?

Ans
✗ 1. भागीरथी और यमुना
✔ 2. भागीरथी और अलकनंदा
✗ 3. यमुना और रामगंगा
✗ 4. अलकनंदा और गंडक

Q.78 किसी पदार्थ के दिए गए अनुप्रस्थ काट के अनुदिश सहसमतलीय रूप से कार्य करने वाले प्रतिबल के प्रकार को ________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans
✗ 1. स्थूल प्रतिबल (Bulk stress)
✗ 2. अरीय प्रतिबल (Radial stress)
✗ 3. संपीडित प्रतिबल (Compressive stress)
✔ 4. अपरूपण प्रतिबल (Shear stress)

Q.79 कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में 'नाद' ध्वनि के दो प्रकार 'आहत (Ahata)' और '______' हैं।

Ans
✗ 1. शारीराजा (Shariraja)
✗ 2. लोहाजा (Lohaja)
✗ 3. चरमजा (Charmaja)
✔ 4. अनाहत (Anahata)

Q.80 राष्ट्रीय खेल 2023 में निम्नलिखित में से कौन-सा खेल पहली बार शामिल किया गया?

Ans
✗ 1. स्क्वैश
✗ 2. नौकायन
✗ 3. वुशु
✔ 4. बीच हैंडबॉल

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.81 ‘अमर जीवन (Amar Jiban)’ पुस्तक किस भाषा में लिखी गई है?

Ans
- ✗ 1. अंग्रेजी
- ✗ 2. उर्दू
- ✓ 3. बंगाली
- ✗ 4. हिंदी

Q.82 भारत के हवाई परिवहन के संदर्भ में AERA का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
- ✗ 1. एग्रीकल्चर एकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी (Agriculture Economic Regulatory Authority)
- ✗ 2. एविएशन एकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (Aviation Economic Regulatory Authority of India)
- ✗ 3. एग्रीकल्चर एकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (Agriculture Economic Regulatory Authority of India)
- ✓ 4. एयरपोर्ट एकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (Airports Economic Regulatory Authority of India)

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, ‘सरहिंद’ नहर से लाभान्वित हुआ है?

Ans
- ✗ 1. बिहार
- ✗ 2. पश्चिम बंगाल
- ✗ 3. उत्तर प्रदेश
- ✓ 4. पंजाब

Q.84 निम्नलिखित में से किस ऋतु में दक्षिण-पश्चिम मानसून की पवन भारतीय प्रायद्वीप में प्रवेश करती हैं?

Ans
- ✓ 1. वर्षा ऋतु
- ✗ 2. ग्रीष्म
- ✗ 3. मानसून के बाद
- ✗ 4. शीत

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य किसी राज्य के राज्यपाल का नहीं है?

Ans
- ✗ 1. मुख्य मंत्री की नियुक्ति
- ✗ 2. राज्य विधान परिषद के सदस्यों का मनोनयन
- ✗ 3. राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों को स्वीकृति देना
- ✓ 4. ज़िला कलेक्टरों की नियुक्ति

Q.86 यदि न्यायालय को लगता है कि कोई व्यक्ति पद ग्रहण किए हुए है, लेकिन उस पद को ग्रहण करने का हकदार नहीं है, तो वह ____________ रिट जारी करता है और उस व्यक्ति को पदाधिकारी के रूप में कार्य करने से प्रतिबंधित करता है।

Ans
- ✗ 1. बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)
- ✓ 2. अधिकार-पृच्छा (Quo-Warranto)
- ✗ 3. प्रतिषेध (Prohibition)
- ✗ 4. परमादेश (Mandamus)

Q.87 जब कई कारक किसी भी [जैव] रासायनिक प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं, तो सीमित कारकों का नियम लागू होता है। यह नियम किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. प्रिस्टली
- ✗ 2. एंगेलमैन
- ✗ 3. केल्विन
- ✓ 4. ब्लैकमैन

Q.88 जून 2024, में नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल में पृथ्वी विज्ञान मंत्री के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया था?

Ans
- ✗ 1. एल. मुरुगन (L Murugan)
- ✗ 2. वीरेंद्र कुमार (Virendra Kumar)
- ✗ 3. जाधव प्रतापराव गणपत राव (Jadhav Prataprao Ganpat Rao)
- ✓ 4. जीतेंद्र कुमार (Jitendra Singh)

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.89 कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद (Quwwat-al-islam mosque) निम्नलिखित में से किस ऐतिहासिक स्मारक के सबसे निकट है?

Ans
✔ 1. कुतुब मीनार
✗ 2. हुमायूं मकबरा
✗ 3. जामा मस्जिद
✗ 4. तुगलकाबाद किला

Q.90 पेरिस 2024 ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने किस देश की टीम को हराकर कांस्य पदक जीता?

Ans
✗ 1. जर्मनी
✗ 2. बेल्जियम
✗ 3. ऑस्ट्रेलिया
✔ 4. स्पेन

Q.91 कोच्चि में 'सेंट फ्रांसिस चर्च' इमारत के वास्तुकार निम्नलिखित में से कौन थे?

Ans
✗ 1. जॉर्ज बुश (Goerge Bush)
✗ 2. जॉर्ज विटेट (George Wittet)
✗ 3. विलियम एमर्सन (William Emerson)
✔ 4. पेड्रो अल्वारेज़ डी कैब्रल (Pedro Alvarez De Cabral)

Q.92 1814 में, आत्मीय सभा (Atmiya Sabha) की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?

Ans
✔ 1. राजा राममोहन रॉय (Raja Rammohan Roy)
✗ 2. ईश्वरचंद्र विद्यासागर (Ishwarchandra Vidyasagar)
✗ 3. केशव चंद्र सेन (Keshub Chandra Sen)
✗ 4. देवेंद्र नाथ टैगोर (Debendranath Tagore)

Q.93 मुस्लिम चरमपंथ की प्रतिक्रिया के रूप में, हिंदू महासभा की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई थी?

Ans
✗ 1. 1920
✗ 2. 1917
✗ 3. 1911
✔ 4. 1915

Q.94 2023 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने ग्रामीण युवाओं, विशेषकर महिलाओं के बीच डिजिटल कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया?

Ans
✗ 1. स्किल्स ऑन द गो (Skills on the Go)
✔ 2. स्किल्स ऑन व्हील्स (Skills on Wheels)
✗ 3. डिजी-स्किल ड्राइव (Digi-Skill Drive)
✗ 4. डिजी-स्किल्स (Digi-Skills)

Q.95 भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी और अकाली नेता हरचंद सिंह लोंगोवाल द्वारा राजीव-लोंगोवाल शांति समझौते पर हस्ताक्षर किस वर्ष किए गए थे?

Ans
✗ 1. 1987
✔ 2. 1985
✗ 3. 1984
✗ 4. 1986

Q.96 भारत के औद्योगिक विकास के संदर्भ में विकास बैंकों (development banks) का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
✔ 1. विकास बैंक औद्योगिक परियोजनाओं और अवसरंचना विकास के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण और समर्थन प्रदान करते हैं।
✗ 2. वे केवल अल्पकालिक उपभोक्ता ऋण देने में शामिल होते हैं।
✗ 3. उनका एकमात्र कार्य देश के विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन करना है।
✗ 4. वे औद्योगिक मानकों को लागू करने के लिए विनियामक निकायों के रूप में कार्य करते हैं।

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.97** छठी शताब्दी ईसा पूर्व (BCE) के आसपास तक्षशिला में चिकित्सा की शिक्षा किसने दी थी?

Ans
✗ 1. परमहंस आत्रेय (Paramhans Atreya)
✗ 2. प्राकृत आत्रेय (Prakrit Atreya)
✓ 3. पुनर्वसु आत्रेय (Punarvasu Atreya)
✗ 4. पाणिनि आत्रेय (Panini Atreya)

**Q.98** जनगणना के अनुसार 'परिवार' शब्द का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
✓ 1. व्यक्तियों का एक समूह, जो एक ही रसोईघर में भोजन बनाते हैं तथा एक साथ भोजन करते हैं।
✗ 2. एक ही क्षेत्र में रहने वाले असंबंधित व्यक्तियों का समूह।
✗ 3. सामान्य आर्थिक गतिविधियों में व्यस्त व्यक्तियों का समूह।
✗ 4. एक ही छत के नीचे एक साथ रहने वाले संबंधित व्यक्तियों का समूह।

**Q.99** राष्ट्रीय लेखांकन में पर्यावरणीय रक्षात्मक व्ययों को समग्र स्तर पर कैसे वर्गीकृत किया जाता है?

Ans
✓ 1. मध्यवर्ती खपत
✗ 2. निवेश व्यय
✗ 3. पूंजीगत व्यय
✗ 4. अंतिम उपभोग व्यय

**Q.100** भारतजेन (BharatGen) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसे अक्टूबर 2024 में लॉन्च किया गया। इस पहल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
✗ 1. इसका उद्देश्य भारत को क्लासिकल कंप्यूटिंग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने पर संकेंद्रित है।
✗ 2. यह पांचवीं पीढ़ी के बायोएथेनॉल पर केंद्रित एक प्रमुख पहल है।
✗ 3. इसका उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणालियों में डार्क पैटर्न की पहचान करना है।
✓ 4. यह भाषा, वाक् और कंप्यूटर विज़न में आधारभूत मॉडलों के एक समूह को विकसित करने पर संकेंद्रित है।

**Q.101** निम्नलिखित में से केरल में उच्च साक्षरता दर का प्राथमिक कारण क्या है?

Ans
✓ 1. प्रभावी साक्षरता कार्यक्रम और शिक्षा पर जोर
✗ 2. उच्च जनसंख्या घनत्व
✗ 3. विश्वविद्यालयों की अधिक संख्या
✗ 4. औद्योगिक विकास के कारण

**Q.102** वायुमंडलीय दाब को मापने की विधि सबसे पहले ______ द्वारा तैयार की गई थी।

Ans
✗ 1. पास्कल
✗ 2. बर्नौली
✗ 3. आर्किमिडीज़
✓ 4. टोरिसेली

**Q.103** 6.0 – 7.6 के बीच pH वाले अम्ल की उपस्थिति में कौन-सी संवेदनशील डाई (dye) पीली हो जाती है?

Ans
✗ 1. एलिज़ारिन येल्लो आर (Alizarin yellow R)
✗ 2. मिथाइल ऑरेंज (Methyl orange)
✓ 3. ब्रोमोथाइमॉल ब्लू (Bromothymol blue)
✗ 4. थाइमोल्फथेलिन (Thymolphthalein)

**Q.104** दिसंबर, 2023 तक की स्थिति की अनुसार, निम्नलिखित में से कौन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के अध्यक्ष हैं?

Ans
✗ 1. डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह
✗ 2. डॉ. वाई. श्रीनिवास राव
✗ 3. डॉ. बी. के. दास
✓ 4. डॉ. समीर वी. कामत

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.105 निम्नलिखित में से ठुमरी गायन की कौन-सी शैली काफी धीमी और शांत है?

Ans
1. आगरा
2. असम
3. पंजाब
4. बनारस ✔

Q.106 नवंबर 2023 में, भारत में चार विरल रोगों के लिए प्रजातिगत (generic) औषधियां उपलब्ध कराई गईं, जिनमें से 'निटिसिनोन' ('Nitisinone') का उपयोग ________ के उपचार के लिए किया जाता है।

Ans
1. विल्सन का रोग (Wilson’s Disease)
2. गौशेर का रोग (Gaucher's Disease)
3. ड्रावेट और लेनॉक्स-गैस्टॉट सिंड्रोम्स (Dravet and Lennox-Gastaut syndromes)
4. टायरोसिनेमिया टाइप 1 (Tyrosinemia Type 1) ✔

Q.107 कुतुबुद्दीन ऐबक निम्नलिखित में से किस आउटडोर (outdoor) खेल का शौकीन था?

Ans
1. हॉकी
2. कुश्ती
3. पोलो ✔
4. कबड्डी

Q.108 भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद निर्वाचक नामावली के अधीक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण तथा भारत के चुनावों के संचालन के लिए एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का प्रावधान करता है?

Ans
1. अनुच्छेद 333
2. अनुच्छेद 321
3. अनुच्छेद 324 ✔
4. अनुच्छेद 322

Q.109 आंशिक विकलांगता के मामले में 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)' द्वारा निम्नलिखित में से कितना कवरेज प्रदान किया जाता है?

Ans
1. ₹2 लाख
2. ₹1 लाख ✔
3. ₹5 लाख
4. ₹50,000

Q.110 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन से संबंधित है?

Ans
1. अनुच्छेद 239 ✔
2. अनुच्छेद 245
3. अनुच्छेद 260
4. अनुच्छेद 255

Q.111 निम्नलिखित में से कौन-सा नीति आयोग के व्यापक उद्देश्यों में से एक नहीं है?

Ans
1. ग्रामीण स्तर पर विश्वसनीय योजनाएँ तैयार करने और उन्हें उत्तरोत्तर उच्च स्तरों पर एकत्रित करने के लिए क्रियाविधि विकसित करना
2. रणनीतिक और दीर्घकालिक नीति और कार्यक्रम ढांचे और पहलों को डिजाइन करना, और उनकी प्रगति और उनकी प्रभावकारिता की निगरानी करना
3. मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आदि पहलों को बढ़ावा देना। ✔
4. राष्ट्रीय उद्देश्यों के आलोक में राज्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं, क्षेत्रों और रणनीतियों की एक साझा दृष्टि विकसित करना

Q.112 औद्योगिक नीति संकल्प, 1956 निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में अपनाया गया था?

Ans
1. पहली पंचवर्षीय योजना
2. चौथी पंचवर्षीय योजना
3. दूसरी पंचवर्षीय योजना ✔
4. तीसरी पंचवर्षीय योजना

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.113 1309 में, काकतीय साम्राज्य (Kakatiya kingdom) पर किसने आक्रमण किया?

Ans
✔ 1. मलिक काफ़ूर (Malik Kafur)
✘ 2. सुंदर पांड्य (Sunder Pandya)
✘ 3. बल्लाल देव (Ballala Deva)
✘ 4. वीर पांड्य (Vir Pandya)

Q.114 स्वदेशी आंदोलन से प्रेरित होकर, ___________ ने 1905 में भारत माता की प्रसिद्ध छवि बनाई।

Ans
✘ 1. बंकिम चंद्र चटर्जी
✘ 2. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
✔ 3. अवनीन्द्रनाथ टैगोर
✘ 4. आनंद मोहन बोस

Q.115 निम्नलिखित में से कौन-सी पवन, शीत ऋतु के दौरान भारत की जलवायु को नियंत्रित करती हैं?

Ans
✘ 1. उत्तर-पूर्व मानसून पवन
✔ 2. उत्तरपूर्व व्यापारिक पवन
✘ 3. दक्षिण-पश्चिम मानसून पवन
✘ 4. पश्चिमी पवन

Q.116 4 मार्च 2024 को नई दिल्ली में डेफकनेक्ट 2024 (DefConnect 2024) के दौरान महत्वपूर्ण और रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए राजनाथ सिंह द्वारा कौन-सी योजना शुरू की गई?

Ans
✘ 1. स्मृति (SMRITI)
✔ 2. अदिति (ADITI)
✘ 3. संस्कृति (SAMSKRUTI)
✘ 4. स्तुति (STUTI)

Q.117 दूध में वसा रहित ठोस (solids-not-fat- 'SNF') तत्त्व तथा डेयरी उत्पादों की लब्धि बढ़ाने के लिए कौन-सा अपमिश्रक मिलाया जाता है?

Ans
✘ 1. पोटैशियम बाइकार्बोनेट (Potassium bicarbonate)
✔ 2. माल्टोडेक्सट्रिन (Maltodextrin)
✘ 3. मेलामाइन (Melamine)
✘ 4. हाइड्रोजन परॉक्साइड (Hydrogen peroxide)

Q.118 केवल महिलाओं में होने वाली निम्नलिखित में से किसे जन्मजात डिम्बग्रंथि अल्पवर्धन सिंड्रोम (congenital ovarian hypoplasia syndrome) के रूप में भी जाना जाता है?

Ans
✔ 1. टर्नर सिंड्रोम (Turner syndrome)
✘ 2. एहलर्स-डानलोस सिंड्रोम (Ehlers-Danlos syndrome)
✘ 3. यूशर सिंड्रोम (Usher syndrome)
✘ 4. क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम (Klinefelter syndrome)

Q.119 1 अक्टूबर 2019 से अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के प्रबंध निदेशक के रूप में किसने कार्य किया और उन्हें 1 अक्टूबर 2024 से शुरू होने वाले दूसरे पाँच वर्षीय कार्यकाल के लिए आईएमएफ (IMF) के कार्यकारी बोर्ड द्वारा चुना गया है?

Ans
✘ 1. एंटोनेट सयेह (Antoinette Sayeh)
✘ 2. केंजी ओकामुरा (Kenji Okamura)
✘ 3. गीता गोपीनाथ (Gita Gopinath)
✔ 4. क्रिस्टालिना जॉर्जीवा (Kristalina Georgieva)

Q.120 भारत सरकार अपने राजकोषीय घाटे का वित्तपोषण कैसे करती है?

Ans
✘ 1. अधिक मुद्रा छापकर
✔ 2. घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से उधार लेकर
✘ 3. सब्सिडी घटा कर
✘ 4. आवश्यक वस्तुओं पर कर में वृद्धि करके

Prepp Your Personal Exam Guide

prepp
Your Personal Exam Guide